मध्य प्रदेश विशिष्ट

करेंट अफेयर्स

मई 2022



1. इंदौर में होगा प्रवासी भारतीय दिवस 2023 सम्मेलन का आयोजन



- जनवरी 2023 में प्रवासी भारतीय दिवस पर सम्मेलन का आयोजन मध्य प्रदेश के इंदौर में होगा। यह 17वां सम्मेलन है। इसमें दुनियाभर में रह रहे भारतीय मूल के नागरिक हिस्सा लेते हैं। सम्मेलन में 7 हजार से ज्यादा एनआरआइ के शामिल होने की उम्मीद है।
- इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस मनाए जाने के पीछे यहां से दुनियाभर से कनेक्टिविटी सबसे ज्यादा है। इसी दौरान इन्वेस्टर्स समिट भी होगी। यह इन्वेस्टर्स समिट 7 और 8 जनवरी 2023 को होगी। इसके बाद 9 और 10 को प्रवासी भारतीय दिवस पर कार्यक्रम होगा।
- गौरतलब है कि महात्मा गांधी 9 जनवरी 1915 को दक्षिण अफ्रीका से स्वदेश लौटे थे। भारतीयों को जोड़ने के मकसद से 2003 से प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जा रहा है। पिछले साल कोरोना के कारण यह आयोजन वर्चुअल रूप से किया गया था।

2. ग्वालियर में बनेगी प्रदेश की पहली एरोपॉनिक तकनीक आधारित लैब

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) में केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ने हवा में आलू के बीज उत्पादन की यह अनूठी तकनीक विकसित की है।
- मध्य प्रदेश के उद्यानिकी विभाग को इस तकनीक का लाइसेंस देने के लिये यह अनुबंध किया गया है। अनुबंध के अनुसार ग्वालियर में प्रदेश की पहली एरोपॉनिक तकनीक आधारित लैब स्थापित होगी।
- मध्य प्रदेश के उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि एरोपॉनिक तकनीक आलू बीज की ज़रूरत को काफी हद तक पूरा करेगी। किसानों की आय को दोगुना करने में यह तकनीक कारगर भूमिका निभाएगी।

3. लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 लांच की गई

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 8 मई, 2022 को लाड़ली लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया।
- लाड़ली लक्ष्मी योजना – 2.0 बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक अभिनव पहल है।
- लड़कियों की आर्थिक और शैक्षिक स्थिति को बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 2007 से लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू की जा रही है।
- लाड़ली लक्ष्मी योजना एक व्यापक योजना है जो एक लड़की को जन्म से लेकर उसकी शादी तक किश्तों में वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

4. मध्यप्रदेश के मंडला में किया गया आदि महोत्सव 2022 का आयोजन

- 07 मई, 2022 को मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंडला, मध्य प्रदेश में पांचवें आदि महोत्सव 2022 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहे।
- यह एक राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव है तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ की संयुक्त पहल है। इसकी शुरुआत वर्ष 2017 में की गई थी और तब से इसे प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

BYJU'S EXAM PREP

5. शिवराज सरकार ने शुरू की संबल 2.0 योजना

- मध्य प्रदेश में संबल 2.0 योजना शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने को इसकी शुरुआत की।
- 2018 में शिवराज सिंह ने संबल योजना शुरूआत की थी, लेकिन राज्य में बनी नई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने इसे रोक दिया था। अब कई बदलावों के बाद इस योजना को फिर से शुरू किया गया है।
- मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक परिवारों में जन्में बच्चे को जन्म से लेकर पूरे जीवन काल मदद दी जाती है। योजना में ठेले वाले, कबाड़ इकट्ठा करने वाले, घरों में काम करने वाले, पत्थर तोड़ने वालों से लेकर अन्य असंगठित श्रमिक भी शामिल रहते हैं।

6. मध्य प्रदेश के राज्यपाल ने परसवाड़ा में रानी दुर्गावती की प्रतिमा का किया अनावरण

- मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले की परसवाड़ा तहसील में स्थित रानी दुर्गावती महाविद्यालय परिसर परसवाड़ा में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा का किया अनावरण किया।
- रानी दुर्गावती भारत की एक प्रसिद्ध वीरांगना थीं, जिन्होंने गोंडवाना राज्य वर्तमान में (मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़) में शासन किया। उनका जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर के राजा कीर्ति सिंह चंदेल के यहाँ हुआ उनका राज्य गढ़कटंगा था जिसका केंद्र जबलपुर था।

BYJU'S EXAM PREP

7. मुख्यमंत्री शिवराज ने किया मिशन नगरोदय का शुभारंभ

- राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मिशन नगरोदय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसमें 21 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के कामों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया है।
- प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना के हिताग्रहियों को गृह प्रवेश कराने के साथ 30 हजार आवासों का भूमि पूजन किया। एक लाख 65 हजार हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 210 करोड़ रुपये वितरित किए है।

8. बैतूल में प्रदेश के पहले पुलिस म्यूजियम का शुभारंभ

- बैतूल जिले के रानीपुर में प्रदेश के पहले पुलिस म्यूजियम का शुभारंभ किया गया। शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विष्णु सिंह गोंड ने ब्रिटिश काल में जिस थाने को आग के हवाले कर दिया था। उसी थाने को म्यूजियम में तब्दील किया गया है।
- बैतूल एसपी ने बताया कि रानीपुर थाने का पुराना इतिहास है। जब थाने की नई बिल्डिंग बन गई तो इस नए भवन को लेकर सुझाव दिए गए थे, कि इसके इतिहास को सजोकर रखना चाहिए।
- यहां के लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। इसी को लेकर म्यूजियम बनाया गया और इस म्यूजियम में स्वतंत्रता संग्राम के समय जो हथियार उपयोग किए गए थे वह भी रखे गए हैं। इसके अलावा वर्दी भी रखी गई है।

BYJU'S EXAM PREP

9. सुरभि के काव्य संग्रह “तुम प्रेम हो” का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन



- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुरभि नोगजा के काव्य संग्रह “तुम प्रेम हो “ का विमोचन किया।
- यह सुरभि की प्रथम काव्य रचना है। इसे उज्जैन के ऋषि मुनि प्रकाशन ने साहित्य अकादमी, संस्कृति विभाग, भोपाल के सहयोग से प्रकाशित किया।
- इस पुस्तक के माध्यम से सुरभि ने नारी के हर रूप को अपनी कविताओं में साकार करने का सुंदर प्रयास किया है।

10. इंटरनेशनल टोमैटो कॉन्क्लेव 2022 भोपाल, मध्य प्रदेश

- 17 मई, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने होटल आमेर ग्रीन्स में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नीदरलैंड ऐंबेसी के सहयोग से हुए इंटरनेशनल टोमैटो कॉन्क्लेव-2022 को वर्चुअली संबोधित किया।
- उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल टोमैटो कॉन्क्लेव-2022 प्रदेश में टमाटर फसल और उसके निर्यात, भंडारण, प्रसंस्करण को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा। राज्य सरकार विशेषज्ञों द्वारा विकसित रणनीति का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी।

BYJU'S EXAM PREP

11. "समकालीन राजनीति मध्यप्रदेश" और "चुनावी राजनीति मध्यप्रदेश" का विमोचन

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वरिष्ठ पत्रकार एवं सुप्रतिष्ठित राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर की पुस्तकों "समकालीन राजनीति मध्यप्रदेश" और "चुनावी राजनीति मध्यप्रदेश" का विमोचन किया।
- पुस्तकें प्रदेश के गठन के बाद की सभी घटनाओं का विस्तृत और सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए आगे बढ़ती हैं। लेखक द्वारा प्रस्तुत राजनैतिक दलों और राजनैतिक व्यक्तित्वों का गहराई और व्यापकता से सटीक विवरण प्रभावित करता है।

12. NIA की 13वीं ब्रांच भोपाल में खुलेगी

- मध्य प्रदेश के भोपाल और रतलाम में आतंकियों के पकड़े जाने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भोपाल में अपनी 13वीं शाखा खोलने का फैसला किया है।
- एनआईए की टीम ने भोपाल पहुंचकर पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों से शाखा के लिए कार्यालय क्षेत्र के बारे में बात की।
- गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि एनआईए सोफा और जेएमबी जैसे आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों की जांच करेगी।

BYJU'S EXAM PREP

13. देश का पहला ग्रामीण जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम

- 13 मई, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनजातीय युवाओं के लिये 'संसदीय संकुल परियोजना' के तहत भोपाल में देश के पहले ग्रामीण जनजातीय तकनीकी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।
- 'संसदीय संकुल परियोजना' में ग्रामीण जनजातीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रयोग के तौर पर सर्वप्रथम मध्य प्रदेश में शुरू किया गया है।
- इसके तहत युवाओं को दो माह की अवधि के प्रशिक्षण से स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने और अन्य क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।
- प्रथम चरण में 'प्रायोगिक परियोजना' के रूप में भारत के 6 राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र और ओडिशा से चयनित 17 ज़िलों के 17 समूहों के लगभग 250 लाभार्थी शामिल होंगे।

BYJU'S EXAM PREP

14. मध्य प्रदेश की पहली साइकोलॉजी साइंटिफिक लैब

- राजधानी भोपाल के इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन हायर एजुकेशन (आईईएचई) में प्रदेश की पहली साइकोलॉजी लैब तैयार हो रही है।
- इसमें स्टूडेंट्स काउंसलिंग के साथ ही सायकोलॉजी के कई पहलुओं से संबंधित प्रैक्टिकल भी कर सकेंगे। संस्थान का दावा है कि इस तरह की साइंटिफिक लैब प्रदेश के किसी भी कॉलेज में नहीं है।
- यह पहली लैब होगी, जहां इससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर फोकस किया जा रहा है। यहां छात्रों को फेशियल एक्सप्रेशन, आंखों, बोलने के तरीके से मन के भाव जानना सिखाया जाएगा।

15. मध्य प्रदेश स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2022

- मध्य प्रदेश स्टार्टअप कॉन्क्लेव, 2022 का आयोजन इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 13 मई को किया गया।
- इसमें तीन घटक सम्मिलित रहे, जिसमें सेक्टोरल सेशन, स्टार्टअप एक्सपो और प्रधानमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में स्टार्टअप नीति का शुभारंभ।
- तीन सत्रों में होने वाले इस कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम सत्र में वर्चुअली जुड़कर मध्य प्रदेश की स्टार्टअप नीति एवं पोर्टल का शुभारंभ कर सत्र को संबोधित भी किया।
- वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्य प्रदेश के चुनिंदा स्टार्टअप्स की सफलता की कहानियों का संग्रह भी जारी किया गया।